भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केन्द्र, मुंबई

# वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं क्षेत्र प्रमुख (मार्केटिंग) – कॉरपोरेट बैंकिंग की भर्ती

विज्ञापन सं. सीआरपीडी/एससीओ/सीओएन/2016-17/11

आवेदन का ऑन-लाइन रजिस्ट्रेशन : 25.10.2016 से 10.11.2016

शुल्क का भुगतान- ऑन-लाइन : 25.10.2016 से 10.11.2016

सीआरपीडी, मुंबई में आवेदन का प्रिन्ट आउट और साथ में अनुलग्नक प्राप्त करने की आखिरी तारीख : 15.11.2016

**भारतीय स्टेट बैंक में संविदागत आधार पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं क्षेत्र प्रमुख (मार्केटिंग)-कॉरपोरेट बैंकिंग के पद पर कार्य करने हेतु भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।**

**1. रिक्त-पद :**

| श्रेणी | एससी | एसटी | ओबीसी | सामान्य | कुल | ओएच | वीआई | एचआई |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रिक्त-पद | - | - | 1 | 3 | 4 | - | - | - |

ओबीसी श्रेणी के लिए आरक्षित रिक्त-पद 'नॉन-क्रिमी लेयर' से संबंधित ओबीसी उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध हैं। 'क्रिमी लेयर' ओबीसी उम्मीदवार अपनी श्रेणी का 'सामान्य' के रूप में उल्लेख करें।

**2. तैनाती का स्थान :**

उपर्युक्त रिक्त-पद क्षेत्र प्रमुख (मार्केटिंग)-कॉरपोरेट बैंकिंग के रूप में उत्तरी क्षेत्र (दिल्ली में), पश्चिमी क्षेत्र (मुंबई में), पूर्वी क्षेत्र (कोलकाता में) और दक्षिणी क्षेत्र (चेन्नई में) के लिए है।

**3. कार्य की भूमिका :**

वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रमुख (मार्केटिंग) की कार्य-भूमिका में बैंक के विभिन्न वित्तीय उत्पादों, राजकोषीय उत्पादों, विदेशी मुद्रा एवं अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग उत्पादों, नकदी प्रबंधन उत्पादों, सरकारी व्यवसाय, प्रोजेक्ट/इंफ्रा, रिटेल ऋण, क्रॉस सेलिंग, मर्चेण्ट बैंकिंग आदि की कॉरपोरेट कंपनियों या अन्य समूह कंपनियों में मार्केटिंग करना शामिल है।

**4. पात्रता मानदंड :**

(क) **आयु-सीमा :** (01.10.2016 को) **:** 01.10.2016 को 40 वर्ष से अधिक नहीं।
अन्य पिछड़े वर्गों (नॉन-क्रिमी लेयर) से संबंधित उम्मीदवार ऊपरी आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट के लिए पात्र हैं।

(ख) **आवश्यक योग्यता :** (01.10.2016 को) :

i. एमबीए (मार्केटिंग) और साथ में एक विषय फाइनैंस रहा हो या एमबीए (फाइनैंस) और साथ में एक विषय मार्केटिंग रहा हो या एमबीए (फाइनैंस एवं मार्केटिंग में दोहरी विशेषज्ञता के साथ)।

ii. बीई/बी. टेक/सी.ए. डिग्री वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।

(ग) **अनुभव :** (01.10.2016 को) :
योग्यता के बाद बैंकों/वित्तीय संस्थानों/एनबीएफसी/रेटिंग एजेंसियों/बिग फॉर ऑडिट कंपनियों/इंश्योरेंस कंपनियों/प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनियों में मार्केटिंग का कम से कम 12 वर्ष का अनुभव।

**5. कार्य पर रखने का स्वरूप : संविदागत**

(i) **संविदा की अवधि:** नियुक्ति की प्रारंभिक अवधि 3 वर्ष के लिए होगी जिसे बैंक के विवेकाधिकार से अन्य 2 वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है।

(ii) **संविदा की समाप्ति:** संविदा की समाप्ति दोनों में से किसी भी पक्षकार द्वारा तीन महीने का नोटिस या उसके स्थान पर तीन महीने के मुआवज़ा राशि का भुगतान/को अभ्यर्पित करने पर की जा सकती है।

**6. चयन प्रक्रिया :**

(i) योग्य पाए गए उम्मीदवारों की सूची बनाकर और व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाएगा।

(ii) व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों की योग्यता, अनुभव और समग्र उपयुक्तता के आधार पर योग्य पाए गए उम्मीदवारों की एक सूची तैयार की जाएगी।

**7. मुआवजा पैकेज :**

- मुआवजा पैकेज में स्थायी और परिवर्तनीय दोनों शामिल हैं परंतु एक उपयुक्त उम्मीदवार के लिए इस राशि में बढ़ोतरी की जा सकती है।

**8. अवकाश ब्योरा :**

- अधिकारी प्रति वित्त वर्ष 30 दिन के अवकाश के लिए पात्र होगा। चालू वित्त वर्ष में अधिकारी को बैंक/उस प्राधिकारी के अनुमोदन से, जिनको वह रिपोर्ट करता/करती है, यथानुपातिक आधार पर अवकाश अनुमत किया जा सकता है।

**9. आवेदन शुल्क (वापस करने योग्य नहीं) – ₹600/- (रुपए छह सौ मात्र) :**

एक बार अदा किए गए शुल्क को न तो किसी भी कारण से वापस किया जाएगा और न ही उसे अन्य किसी परीक्षा या चयन के लिए आरक्षित रखा जाएगा।

**10. सामान्य अनुदेश :**

- ओबीसी श्रेणी के अंतर्गत साक्षात्कार हेतु योग्य पाए गए उम्मीदवारों को 'नॉन क्रिमी लेयर' वाक्यांश लिखा हुआ ओबीसी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। 'नॉन क्रिमी लेयर' वाक्यांश लिखा हुआ ओबीसी प्रमाणपत्र प्रस्तुत न करने वाले और साक्षात्कार के लिए अनुरोध करने वाले उम्मीदवारों के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।
- ओबीसी श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण की मांग करने वाले उम्मीदवारों द्वारा निर्धारित प्रारूप में एक घोषणा प्रस्तुत करनी होगी जिसमें यह उल्लेख किया जाएगा कि वह 10.11.2016 को क्रिमी लेयर से संबंधित नहीं है। यदि उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु बुलाया जाता है, तो उन्हें 01.04.2016 से साक्षात्कार की तिथि तक की अवधि के दौरान जारी नॉन-क्रिमी लेयर लिखा हुआ ओबीसी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

**11. आवेदन कैसे करें**

आवेदन रजिस्ट्रेशन, ख) शुल्क का भुगतान, ग) फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर स्कैन और अपलोड करने से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देशों के लिए बैंक की वेबसाइट www.statebankofindia.com/carees या www.sbi.co.in/carees -> Recruitment of Senior Vice President & Head (Marketing) को देखें।

आवेदन (ऑन-लाइन पर रजिस्ट्र्ड) और साथ में (i) पहचान प्रमाण, (ii) जन्म तिथि का प्रमाण, (iii) शैक्षणिक योग्यता- अंक तालिका/डिग्री प्रमाणपत्र, (iv) अनुभव प्रमाणपत्र (अनुभव एवं विशेज्ञता दर्शाने वाले दस्तावेज), (v) मार्च 2016 का फॉर्म-16, (vi) नवीन वेतन पत्रक, (vii) शुल्क भुगतान की ई-रसीद, और (viii) आवेदक के बारे में संक्षिप्त जानकारी, जिसमें करिअर और सहायक दस्तावेजों के रूप में सेवा के दौरान प्राप्त निष्पादन उपलब्धियों का ब्योरा दिया गया हो, की प्रति **महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, तीसरी मंजिल, अटलांटा बिल्डिंग, नरीमन पॉइंट, मुंबई-400021** को भेजी जानी चाहिए। उपर्युक्त उल्लिखित पते पर ऑन-लाइन आवेदन का प्रिंटआउट और साथ में अनुलग्नक प्राप्त करने की आखिरी तिथि 15.11.2016 है। उपरोक्त तिथि तक ऑन-लाइन आवेदन और साथ में आवश्यक दस्तावेजों की फोटो प्रतियां प्राप्त नहीं होने पर, योग्य उम्मीदवारों की सूची तैयार करने और साक्षात्कार के लिए उनकी उम्मीदवारिता पर विचार नहीं किया जाएगा।

यदि आवेदन और सहायक दस्तावेजों की प्रतियां 15.11.2016 तक प्राप्त नहीं होती है, तो आवेदन को रद्द कर दिया जाएगा। कृपया लिफाफे के ऊपर विज्ञापन सं. सीआरपीडी/एससीओ/सीओएन/2016-17/11 - वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रमुख (मार्केटिंग) लिखें।

**मुंबई**
**दिनांक 25.10.2016**

**महाप्रबंधक**
**(सीआरपीडी)**